आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 13.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से शुरू होगा।
- द्वीपसमूह में आज से अंडमान टूरिज्म रोड–शो का आयोजन किया जाएगा।
- समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने कहा कि द्वीपों को नशामुक्त बनाने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।
- पोर्ट ब्लेयर में अगले महीने की उनतीस तारीख से विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट दो हजार चौबीस परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद अक्सर पूछी जाने वाली प्रश्नावली जारी की है।

<><><><><><><>

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से शुरू होगा। इस सत्र में नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जायेगी और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करेंगी और उनके अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा का सत्र भी इस महीने की सत्ताईस तारीख को शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख को समाप्त होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। श्री रिजिजू ने कहा कि जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री रिजिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज से अंडमान टूरिज्म रोड–शो का आयोजन किया जाएगा। पोर्ट ब्लेयर में कल मीडिया को जानकारी देते हुए अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम. विनोद ने कहा कि मुख्य सचिव केशव चन्द्र आज शाम छः बजे इसका उद्घाटन करेंगे। चार दिवसीय इस शो में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटन मंत्रालय में सूचीबद्ध करीब पचास टूर ऑपरेटर पोर्ट ब्लेयर आ रहे हैं।

पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित होने वाले चार दिवसीय इस टूरिज्म रोड–शो का उद्देश्य अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को विश्व के मानचित्र में एक प्रमुख पर्यटक गंतव्य बनाना है। देश के विभिन्न प्रमुख राज्यों से आने वाले टूर ऑपरेटर की मदद से द्वीपसमूह में पर्यटन उद्योग की संभावनाओं के बारे में उन्हें जानने का अवसर मिलेगा और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी उन्हें जानकारी हासिल होगी, ताकि आने वाले दिनों में ब्रांड अंडमान को एक मूर्त रूप दिया जा सके। आज उद्घाटन समारोह के बाद कल स्वराज द्वीप में और पन्द्रह जून को शहीद द्वीप में कार्यक्रम आयोजित होगा। सोलह जून को सुबह सात बजे कार्वाइंस–कोव तट पर सफाई अभियान के बाद सोलह जून की शाम छः बजे इस अंडमान टूरिज्म रोड–शो का समापन हो जाएगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने कहा कि द्वीपसमूह को नशामुक्त बनाने के लिए उनके विभाग की ओर से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। वे कल डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की नशामुक्त अभियान के तहत तीनों ज़िलों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों में जागरूकता उत्पन्न की जा रही है।

कल आयोजित कार्यशाला के दौरान विभिन्न संगठनों के सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और मीडिया के विभिन्न वर्गों से जुड़े पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

उच्चतम न्यायालय अगले महीने की उनतीस तारीख से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन करेगा। सप्ताह के दौरान विभिन्न विवादों का समाधान किया जाएगा। व्यक्तिगत या वर्चुअल मोड पर संबंधित पक्ष इसमें शामिल हो सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट दो हजार चौबीस परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद अक्सर पूछी जाने वाली प्रश्नावली जारी की है। इस महीने की चार तारीख को घोषित किए गए नीट परिणामों में कथित विसंगतियों को देखते हुए यह प्रश्नावली जारी की गई है। परीक्षार्थियों को समय की हानि के लिए कृपांक देने में शिकायत निवारण समिति की भूमिका पर, एजेंसी ने कहा कि एक समिति का गठन किया गया था।

समिति ने तथ्यात्मक रिपोर्टों के आधार पर शिकायतों पर विचार किया। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में सात सौ अट्ठारह और सात सौ उन्नीस अंक कैसे प्राप्त कर सकता है, इस प्रश्न के उत्तर में एजेंसी ने स्पष्ट किया कि कृपांकों के कारण, दो परीक्षार्थियों को सात सौ अट्ठारह और सात सौ उन्नीस अंक प्राप्त हुए। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल एक हजार पांच सौ तिरसठ परीक्षार्थियों को उनके समय की हानि की भरपाई के लिए कोई कृपांक नहीं दिए गए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा में एक हजार पांच से अधिक परीक्षार्थियों को दिए गए कृपांक की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

<><><><><><><>

इस बीच, पांडिचेरी विश्वविद्यालय की यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों की सेमिस्टर परीक्षा के लिए पहले और दूसरे वर्ष का टाईम टेबल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। पीजी पाठ्यक्रम की परीक्षाएं अट्ठारह जून और यूजी की परीक्षाएं बीस जून से आरंभ होगी और जानकारी के लिए विद्यार्थी जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के परीक्षा अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्य अंडमान वन संभाग में मजदूर के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र मेल पर भेजे गए हैं। और विवरण वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उधर, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के तहत आदिवासी परियोजना कार–निकोबार में डॉक्टर, नर्स, लेखा व लिपिक, नृत्य, संगीत और कला शिक्षक जैसे कई पदों मे भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। चुने गए उम्मीदवारों को विभिन्न पदों के हिसाब से प्रतिमाह एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार सत्ताईस जून तक आवेदन दिए गए मेल आई.डी. पर कार–निकोबार स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते जलयान सिंधु की अट्ठारह जून को पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता की यात्रा और चौबीस जून को इन्ही रास्तों से होते हुए पोर्ट ब्लेयर की वापसी यात्रा स्थगित की गई है।

अब यह जलयान बाईस जून को सुबह आठ बजे हैडो जेट्टी से छूटकर मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता के लिए रवाना होगा और सत्ताईस जून को दिन में बारह बजे कोलकाता से छूट कर इन्हीं मार्गों से होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे उसी टिकट पर यात्रा कर सकते हैं, जो यात्री टिकट रद्द करवाना चाहते है, वे इसे रद्द करवाकर पूरी राशि वापस पा सकते है।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय की ओर से नव–नियुक्त और पदोन्नत स्तर अधिकारियों, पंचायत सचिवों, ग्राम स्तर के कार्यकर्ताओं तथा ग्राम सेविका के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण विकास और पंचायत निदेशक शिव सिंह मीणा ने इसका उद्घाटन करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से इसका लाभ उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण विकास के लिए लिए जा रहे विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सकेगा और इससे ग्रामीण समुदाय का विकास होगा। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए राज्य नोडल अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास और पंचायत विभागों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे जन–कल्याण और उनके सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर आदर्श गांव पर वीडियो प्रस्तुति भी दी गई।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अट्ठारहवीं लोक सभा का पहला सत्र चौबीस जून से आरंभ होने और सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीड़िया सम्मान की घोषणा करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने ग्रेट निकोबार द्वीप में ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए सामाजिक प्रभाव आकंलन रिपोर्ट के मसौदे पर अट्ठाईस जून को जन–सुनवाई आयोजित होने के समाचार को प्रमुखता दी हैं। कला और संस्कृति विभाग अट्ठारह जून से अभिरूचि कक्षाएं आयोजित करेगा– द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी की खबर है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल में जबकि अवैध क्वेरी चलाने पर उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है। डिगलीपुर में भारी बारिश से कई जगह पर जल भराव होने के समाचार को–इंफो इंडिया ने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>